हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 30 जुलाई 2025

04 सीजन में पहली बार नदियां आईं उफान पर...



07 12 घंटों से लगातार बारिश को दौर जारी नदी तालाब...





**भारी बारिश के चलते आज भी स्कूलों में अवकाश घोषित किया**

# 80 परिवारों को राहत शिविर में पहुंचाया, मोहम्मदगढ़ के सूज बाह गांव में दो परिवार के 50 लोग फंसे, रेस्क्यू ऑपरेशन किया

## ग्यारसपुर के दुर्गाचौक पर स्कूल वैन का इंतजार कर रही बच्ची बही, बचाने दौड़ा भाई भी फिसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मंगलवार को तेज बारिश के कारण शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए। सुबह 6.30 बजे से शुरू हुई तेज बारिश के बाद 2 घंटे में ही शहर के कई इलाकों में पानी घरों में घुसना शुरू हो गया। कागदीपुरा की दुकानों में पानी घुस गया। बालकदास की तलैया की सड़क पर 3-3 फीट तक पानी भर गया। रॉयल सिटी, डंडापुरा, सिंधी कॉलोनी, वैशालीनगर, बांसकुली, देवी का बाग, गल्ला मंडी रोड, लड्डा एजेंसी, रामलीला रोड, मोहनगिरी, टीलाखेड़ी में भयंकर जल भराव की स्थिति बन गई।

डंडापुरा में 2 फीट पानी भरने से रास्ते बैरिकेड्स लगाकर बंद करने पड़े। हरिपुरा की पुलिया पानी में बह गई। इधर प्रशासन ने 80 परिवारों को जलभराव वाले क्षेत्र से निकालकर राहत शिविर में पहुंचाया है। शहर में जल निकासी व्यवस्था ठप होने के कारण ऐसी स्थिति बनी है। रामघाट से बेहराबाबा घाट जाने वाली पुलिया और हरिपुरा की पुलिया बारिश में बह गई। रायपुरा स्कूल परिसर, माधवगंज क्रमांक 2 स्कूल पानी से लबालब है। मंगलवार को जब बच्चे स्कूल पहुंच गए उसके बाद प्रशासन ने स्कूलों की छुट्टी का आदेश जारी किया। वहीं आज बुधवार को भी कलेक्टर ने स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

**शहर के कई रास्ते बंद, बस्तियों मोहल्लों में घुटने तक पानी भरा**



**रेलवे ट्रैक पर भरा पानी**



**बारिश का आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| लटेरी | 114.6 मिमी |
| गुलाबगंज | 10 मिमी |
| विदिशा | 66 मिमी |
| बासौदा | 10.4 मिमी |
| कुरवाई | 14.6 मिमी |
| सिरोंज | 12 मिमी |
| ग्यारसपुर | 35 मिमी |
| नटेरन | 34 मिमी |
| शमशाबाद | 85 मिमी |
| पठारी | 23 मिमी |

पठारी में सबसे कम बारिश दर्ज की गई

शमशाबाद-नेहरयाई स्थित संजय सागर डैम के 2 गेट खुले

विदिशा। तेज बारिश के कारण शहर की सड़कें हुई जलमग्न। बारिश और बाढ़ में फंसे होने की सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम का प्रभारी जिला सैनानी होमगार्ड मयंक जैन मोबा. 7566319911 अजीत बाथम के मोबा नंबर पर 9907951980 पर 24 घंटे में कभी भी सूचना दे सकते हैं।

**बारिश से बेहाल जिले की स्थिति**

**कागपुर:** बाह्य नदी के पुल पर चार फीट पानी, प्रशासन ने बैरिकेडस से आवागमन रोका

**अहमदपुर:** अहमदपुर से डांगरवाड़ा और अहमदपुर से गैरतगंज मार्ग पूर्णता बंद

**ग्यारसपुर:** छापर मोहल्ला में पुलिया उफानी, बच्चों को कंधों पर बैठाकर निकाला, 5 घरों की दीवारें गिरी

**हैदरगढ़:** बावना नदी उफानी हैदरगढ़ से नौरजा का संपर्क टूटा, बागरोद से दैयरपुर के बीच एक दर्जन गांवों का संपर्क ग्यारसपुर से टूटा रहा

## 50 लोग बाढ़ में फंसे: एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶हैदरगढ़

मंगलवार को हुई तेज बारिश के कारण हैदरगढ़ उपतहसील अंतर्गत मोहम्मदगढ़ ग्राम पंचायत के सुजवाय गांव में नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे दो परिवारों के करीब 50 लोग बाढ़ में फंस गए। एसडीएम मनोज उपाध्याय, नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह और जनपद सीईओ सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। अब तक 37 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। महिलाओं को आंगनबाड़ी और पुरुषों के लिए पंचायत भवन में रोका गया है। अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।



विदिशा। बाढ़ में फंसे लोगों को मोटर बोट की मदद से सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाती हुई एसडीआरएफ की टीम।

### पानी के बहाव में बही छात्रा, बचाने दौड़ा भाई भी फिसला



**ग्यारसपुर।** दुर्गाचौक पर स्कूली छात्रा अपने भाई के साथ स्कूल की गाड़ी का इंतजार कर रही थी। बच्ची बारिश से बचने के लिए पॉलिथीन ओढ़े हुए थी और स्कूल बैग लेकर आगे की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान वो पानी के तेज बहाव में संतुलन खो बैठी और बह गई। बच्ची को बचाने के लिए उसका भाई दौड़ा, लेकिन वो भी बहने लगा। बच्ची लोडिंग वाहन के नीचे से बहते हुए चौराहे तक पहुंच गई और चीखती रही। चौराहे पर खड़े लोगों ने समय रहते उसे पकड़ लिया और सुरक्षित बाहर निकाला।

## कच्चा मकान गिरा, बुजुर्ग महिला की मौत

**मृतक के परिजनों को 4 लाख की आर्थिक सहायता व मकान क्षतिग्रस्त होने पर एक लाख 20 हजार रु की राशि स्वीकृत की गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद



**शमशाबाद।** घटना के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारी जानकरी लेते हुए।

शमशाबाद तहसील के नहरयाई गांव में तेज बारिश के चलते एक कच्चा मकान ढह गया। हादसे में 67 वर्षीय मुल्लो बाई यादव मलबे में दब गईं। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें मलबे से बाहर निकाला और शमशाबाद के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे के वक्त उनका पति घर के दूसरे कमरे में था और बेटा घर से बाहर गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम अजयप्रताप सिंह पटेल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने घटना पर दुख जताया और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। यह राशि स्वीकृत भी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले में जहां-जहां बारिश से संकट पैदा हो रहा है वहां राहत और बचाव दल भेजे जा रहे हैं। मोहम्मदगढ़ क्षेत्र में नाले के पास कुछ लोगों के फंसे होने की सूचना पर रेस्क्यू टीम को तुरंत रवाना किया गया। सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कलेक्टर ने बताया कि जिले में सभी प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी अलर्ट मोड पर हैं और बारिश से जुड़ी हर स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## जनसुनवाई में शिकायत सही पाए जाने पर पटवारी निलंबित

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की जनसुनवाई में लोगों का भरोसा बढ़ता जा रहा है। मंगलवार 29 जुलाई को आयोजित जनसुनवाई में 46 आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से 25 का मौके पर समाधान किया गया। शेष आवेदनों पर समयसीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। नटेरन तहसील के मरखेड़ा गांव के लालता प्रसाद शर्मा ने भूमि सर्वे क्रमांक 821/1 और 882 के सीमांकन में लापरवाही की शिकायत की। कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम को जांच के निर्देश दिए। जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित पटवारी पटवारी संदीप यादव को निलंबित कर दिया गया।

## लटेरी में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, कई गांवों का संपर्क टूटा

**लटेरी।** क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। सिंध नदी सहित कई नाले उफान पर हैं, जिससे बहादरपुर, डोंडखेड़ी, बामनखेड़ी, मुबारकपुर, उलाखेड़ी, काछीखेड़ा सहित दर्जनभर गांवों का संपर्क लटेरी से कट गया है। पुल-पुलियों पर पानी बहने से मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। आनंदपुर, गोलाखेड़ा, नेवली समेत कई गांवों में कच्चे मकान ढहने की खबर है, हालांकि जनहानि नहीं हुई है। लटेरी की भैया कॉलोनी में घरों में पानी भर गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जलभराव से सर्प, कीड़े-मकोड़ों का खतरा भी बना हुआ है। बारिश के चलते बाजारों में सन्नाटा रहा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्कूलों में अवकाश घोषित किया है।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आज होगा

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे एनआइसी केंद्र में आरंभ होगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी संबंधित अधिकारियों को व्हीसी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### रोजरू में बरगद का पेड़ गिरा, तीन लोग दबे

**गंजबासौदा।** रोजरु गांव में 200 साल पुराना बरगद का पेड़ दुकानदार वीरन परिहार की दुकान पर गिर गया। इस दौरान 5 ग्रामीण दुकान के अंदर बैठे थे। वह विशाल पेड़ के नीचे दब गए। पेड़ गिरने के बाद ग्रामीणों की मदद से सभी को बाहर निकाला गया। अकबर बेग ,वीरन परिहार, नवल अहिरवार को मामूली चोटे आई हैं। पेड़ गिरने से वीरन परिहार की दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीण बताते है कि वीरान ने दो महीना पहले मजदूरी के पैसों से नई दुकान बनवाई थी। इधर ग्राम बूढ़ी बागरोद में सैकड़ों घरों में भर गया।

### रीडर पर फूटा आक्रोश पुतला जला डाला

**नटेरन।** मंगलवार को भारी बारिश के बीच तहसील परिसर में किसानों ने तहसील रीडर देवेंद्र श्रीवास्तव का पुतला दहन कर भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश जताया। किसानों ने तहसीलदार आनंद जैन को प्रभारी मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए रीडर को हटाने और सख्त कार्रवाई की मांग की। किसानों का आरोप है कि देवेंद्र श्रीवास्तव बिना पैसे लिए कोई काम नहीं करते और भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्व निलंबित ऑपरेटर मुकेश रिछरिया से काम करवाते हैं। किसान संघ अध्यक्ष बालमुकुंद तिवारी, बृजेश चौकसे ने बताया कि आदेश की नकल के लिए उन्हें 8 दिन चक्कर काटने पड़े, लेकिन जैसे ही 1000 रुपये दिए, तत्काल नकल मिल गई। किसानों का कहना है कि वे पहले भी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## तालाब में पानी जाने से सरपंच ने रोका, कई किसानों की फसलें बही

**ग्राम अहमदानगर के किसानों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर सरपंच पर कार्रवाई की मांग की**



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

ग्राम अहमदानगर के सरपंच यशवंत किरार की मनमानी ने गांव के किसानों को परेशानी में डाल दिया है। मंगलवार को गांव के किसानों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर सरपंच पर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि मनमानी कर किसानों को परेशानी में डालने वाले सरपंच पर एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। गांव में 2 हेक्टेयर में बने सरकारी तालाब में जाने वाला खेतों का बारिश का पानी निजी स्वार्थ के चलते सरपंच ने पार डालकर रोक दिया। सरपंच ने परिवार के निजी तालाबों में पानी पहुंचाने के लिए सरकारी तालाब में पानी जाने से रोका है। जिसके कारण कई किसानों के खेतों में 4-4 फीट पानी भर गया और फसल बह गई। तालाब तक पानी न पहुंचने के कारण किसान जगदीश नारायण शर्मा, कृष्णमोहन शर्मा, अवधनारायण शर्मा, देवेन्द्र तिवारी, ललित तिवारी, रामचरण कुशवाह के खेतों से पानी निकल रहा है। जिससे उनकी फसले नष्ट हो चुकी है। किसानों ने कलेक्टर से मांग की है कि नुकसान की भरपाई सरपंच से कराई जाए। तालाब में पानी आने का जो रास्ता बंद किया गया है उसे तुरंत चालू करावाया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले साल सरपंच ने तालाब के ओवरफ्लो के पिचिंग बनवाई थी। ताकि तालाब का पानी बाहर निकल सके। लेकिन अब उसी सरपंच ने तालाब में पानी जाने से रोक दिया है।

### विजय मंदिर में पूजा करने पहुंचे हिंदू संगठन और वरिष्ठजन

## पुलिस के साए में नगर के लोगों ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नागपंचमी के अवसर पर नगर के हिंदू संगठनों और वरिष्ठ जनों ने विजय मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। एक दिन पहले विजय मंदिर का ताला खोलकर पूजा की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। हिंदू संगठनों के पहुंचने से पहले ही पुलिस ने विजय मंदिर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया था।

इसके बाद बड़ी संख्या में हिंदू युवा मौके पर पहुंची। विधायक मुकेश टंडन के पहुंचने के बाद पूजा शुरू हुई। धर्माधिकारी नंदकिशोर शास्त्री ने पूजा अर्चना की। इस मौके पर अलग अलग समूह में लोग पूजन करने के लिए विजय मंदिर पहुंचे और उन्होंने मंदिर का ताला खोलने के लिए प्रदर्शन किया। लेकिन प्रशासन ने ताले नहीं खोले और लोगों को बाहर खड़े होकर ही पूजा अर्चना करनी पड़ी।



विदिशा। धर्माधिकारी नंदकिशोर शास्त्री ने विजय मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की।



विदिशा। हिंदू संगठनों के लोग पहुंचने से पहले ही गेट पर पुलिस तैनात हो गई।

## बासौदा मंडी भाव

गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2532
उच्चतम भाव-2730
चना
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6270
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3450
उच्चतम भाव-3450
धान
न्यूनतम भाव-2850
उच्चतम भाव-2850
मसूर
न्यूनतम भाव-6660
उच्चतम भाव-6950
सरसों
न्यूनतम भाव-6811
उच्चतम भाव-6900
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-4521
मूंग
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-7320

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 5007 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### नेत्र शिविर आयोजित



**गंजबासौदा।** त्योंदा के शासकीय अस्पताल में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा नेत्र शिविर लगाया गया। जिसमें नेत्र चिकित्सक पवन भोई एवम अस्पताल के नेत्र सहायक अरविन्द नोड्या ने लगभग 65 लोगों के नेत्रों की जाँच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने ट्रस्ट की सराहना की और बताया की वर्ष भर में ट्रस्ट द्वारा 52 हजार से अधिक ऑपरेशन किये जाते हैं। उक्त शिविरो का संचालन रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन मे किया जाता है। इस मोके पर कैंप प्रभारी रवि धाकड़ नीलम सिँह जादौन, रणवीर सिंह बघेल ने अपना सहयोग प्रदान किया। 25 लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, 15 मरीजों का चश्मा का नंबर निकाला गया एवम 20 लोगों को चश्मे प्रदान किये गए।

### बीती रात से लगातार हो रही है बारिश, जिला प्रशासन ने किया बुधवार तक स्कूलों में अवकाश घोषित

# सीजन में पहली बार नदियां आईं उफान पर रास्ते हुए बंद, निचले इलाकों में अलर्ट जारी



















हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बीती रात से इलाके मे हो रही लगातार बारिश से मंगलवार की दोपहर तक नदी नाले उफान पर आ गए और उनका पानी पुलों के ऊपर से होकर बहने लगा। जिससे क्षेत्र का सडक संपर्क आसपास के नगरों एवं कस्बों से कट गया। उधर नगर में भी पारासरी नदी और नालों के ऊफान पर आने से निचली बस्तियों में जलभराव होने पर नागरिकों को उत्कृष्ट उमावि और आंबेडकर मांगलिक भवन में बनाए राहत शिविरों में पहुंचाया गया। त्योंदा क्षेत्र में नदी का जलस्तर बढने से उसका पानी गांव तक पहुंच गया। वहीं नगर के मोतिया नाले में एक दिव्यांग युवक बहने से बच गया, जबकि रोजरू में बरगद का वृक्ष धराशायी होने से तीन लोग दबकर घायल हो गए। प्रशासन और नगर पालिका अमला पूरी स्थिति पर नजर रखे है और आवश्यकतानुसार राहत कार्य किए जा रहे हैं।

यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में बीती रात रिमझिम बारिश ही हो रही थी, लेकिन मंगलवार की सुबह से मूसलाधार और लगातार बारिश से दोपहर तक क्षेत्र के नदी नाले उफान पर आ गए। जिससे नगर के मध्य से बहने वाली पारासरी नदी का पानी पचमा बायपास मार्ग के पुल से ऊपर होकर बहने लगा। वहीं मोतिया नाला भी उफान पर होने से बेहलोट बायपास की पुलिया, नई बस्ती की पुलिया, वार्ड क्रमांक 6 और 7 की पुलियों के ऊपर से होकर उसका पानी बह निकला। जिससे नगर के कई मोहल्लों का संपर्क कट गया। इस बीच बेहलोट बायपास की पुलिया पर पानी होने के बावजूद एक दिव्यांग अपनी ट्रायसिकल से पुलिया पार करने लगा और अनियंत्रित होकर पानी में जा गिरा। जिसे तुरंत नपा अमले ने बाहर निकालकर बचाया। इस बीच एसडीएम बंगले के पीछे की पुलिया पर भी नाले का पानी बहता रहा। नगर में लगातार बारिश के बीच एसडीएम विजय राय एवं राजस्व अमला, पुलिस अमला, नपा सीएमओ रवि श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, नितिन यादव सहित नपा अमला लगातार भ्रमण कर जलभराव की स्थिति का जायजा लेते रहे और निचली बस्तियों के प्रभावित परिवारों को नए बस स्टैंड क्षेत्र के आंबेडकर मांगलिक भवन, जयस्तंभ चौक पर शासकीय उत्कृष्ट उमावि में बने राहत शिविरों में पहुंचाया गया। दूसरी ओर नपा अमला पूरी किट के साथ तैयार रहा और जलभराव की शिकायतें मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर जलनिकासी करवाई जाती रही। वहीं बेहलोट बायपास मार्ग पर पंचायत द्वारा बनवाए गए नाले का ढाल सही न होने से वहां जलभराव की स्थिति निर्मित हुई। जबकि गोकुलधाम के पास स्थित विद्युत सब स्टेशन में भी जलभराव रहा।

यहां राहत की बात यह रही कि बैदनखेडी में पारासरी नदी पर नया पुल बनाया गया है। जिससे नदी का पानी इस पुल के ऊपर नहीं आया और इसी कारण तिरंगा बायपास मार्ग पूरी तरह खुला रहा।

भारी बारिश को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा समस्त नागरिको को सूचित किया गया है कि नदी नालों के किनारे निवास करने वाले नागरिकों को सुरक्षित आश्रय के लिए अंबेडकर भवन, एलबीएस कालेज, गवर्मेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल, हितकारिणी धर्मशाला में राहत शिविर बनाए गए हैं।

उधर ग्राम भिलायां और मूडरी के बीच खानवा नदी, उदयपुर के पास केवटन नदी, अंबानगर क्षेत्र में नरेन नदी, करोंदा खुर्द के पास सिंध नदी, करई छेवला के पास बघरू नदी का पानी उनके पुलों के ऊपर से होकर बहता रहा। जिससे इन क्षेत्रों का सडक संपर्क खबर लिखे जाने तक कटा रहा।

वहीं बेतवा नदी के ऊपरी क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश से बेतवा भी पूरे उफान पर रही और उसका पानी बर्री घाट स्थित पुल और गंज पुल के ऊपर से बहने लगा। जिससे प्रशासन ने पुलों के दोनों ओर बैरीकेट्स लगाकर यातायात बंद कर दिया। हांलाकि बेरीकेटिंग के पहले गंज पुल पर पानी होने के बावजूद कई वाहन चालक जोखिम उठाकर नदी पार करते नजर आए।

त्योंदा तहसील के ग्राम करई छेवला में भारी बारिश के चलते नाला उफान पर आ गया और गांव के घरों तक पानी भर गया एवं स्कूल के पास भी पानी पहुंचा और सडक संपर्क टूट जाने से ग्रामीणों की परेशानी बढ गई है।

तेज बारिश के बीच ग्राम रोजरू में करीब 200 साल पुराना बरगद का पेड वीरन परिहार की दुकान पर गिर गया। मौके पर पांच लोग दुकान के अंदर बैठे थे वह दब गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम विजय राय के निर्देश पर एनएच निर्माण एजेंसी का हाइड्रा पहुंचाया गया। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से सबको बाहर निकाला गया। गनीमत यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन अकबर बैग, वीरन परिहार, नवल अहिरवार को ज्यादा चोटें आने से उन्हें उपचार के लिए सिरोंज अस्पताल पहुंचाया गया है। इस दुर्घटना में वीरन परिहार की दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

### लगातार बारिश से भरे बांध, खोले गए गेट

**गंजबासौदा।** इलाके में लगातार हो रही बारिश से त्योंदा का बघरू बांध भर गया और उसके दो गेट खोले गए। जिससे कजरा पुलिया के ऊपर पानी करीब तीन-चार फिट हो गया और कराई खेरोदा मार्ग बंद हो गया। वहीं संजय सागर बांध, सगड बांध के भी गेट खोले गए हैं। जिससे इन बांधों से संबंधित नदियों का भी जलस्तर बढा हुआ है और उनका पानी पुलों के ऊपर से होकर बह रहा है।

### जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में हुआ चयन



**गंजबासौदा।** विगत दिनों शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के इनडोर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में नगर के खिलाड़ियों ने संभागीय प्रतियोगिता के लिए स्थान पक्का किया। सीनियर 19 बालिका वर्ग में हिमांशी विश्वकर्मा, कशिश राजपूत, नैना पांडे नेहा रैकवार ने तथा 17 बालक वर्ग में दीपेश विश्वकर्मा ने और 17 बालिका वर्ग में कनक तोमर, कनक राजपूत प्राची नामदेव का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। विदिशा कराटे एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कृष्णा गोपाल जोगी, सचिव कोच इशिका मैना ने प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता प्राचार्य एमसी शर्मा के मार्गदर्शन तथा ब्लॉक खेल प्रभारी स्वतंत्र कुमार जैन की उपस्थित सम्पन्न हुई।

### एसजीएस कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

## नशामुक्त कार्यक्रम हुआ आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें नशे से दूर रहने की प्रेरणा देना था। नशा मुक्ति कार्यक्रम के द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समाज में फैल रही नशे की बुराई के प्रति युवाओं को जागरूक करना और एक नशा मुक्त भारत की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एवं घनश्याम चौकसे और खेल प्रभारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में किया गया। रासेयो के स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति के नारे लगाकर एवं कई छोटे पोस्टर बनाकर का युवाओं को जागरूक किया। नशा मुक्ति के लिए वरिष्ठ स्वयं सेविका अंजली झा, भूमि रघुवंशी, शिवराज, रवि राय, सुरेंद्र , नेहा तिवारी ने नशा मुक्त जागरूकता में भूमिका निभाई।

## कालोनी में सुविधाएं न मिलने पर नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन




**गंजबासौदा।** मंगलवार को आफको रियल स्टैट ग्रीन वैली कालोनी तिरंगा चौक के रहवासियों ने मूलमूत सुविधाएँ प्रदान कराने की मांग को लेकर जनसुनाई में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि प्रोपराइटर अतहर मोहम्मद कुरैशी निवासी चूढी मोहल्ला एवं अब्दुल कयूम निवासी मिर्जापुर सिरोंज के द्वारा उक्त कालोनी काटी गयी है। जिसमें प्रार्थीगणों को कालोनी की मूल मूत सुविधाएँ जैसे कालोनी में पूरे में सड़कों का निर्माण नही किया गया है एवं कवर्ड केम्पस नहीं है, न ही कोई चौकीदार है। जिससे चोरी की घटनाएँ आये दिन हो रही है और चार वर्षों से स्ट्रीट लाईट नही है। जिसके कारण पूरी कालोनी में अधेंरा पसरा रहता है, नाली के पानी की कोई निकासी नही है। जिसके कारण कालोनी में गन्दगी बनी रहती है, जिसके कारण लोगों को बीमारी की समास्याएं बनी रहती है। न ही नालियों की साफ, सफाई की जाती है। जिससे लोग परेशान हो रहे है और न ही कालोनी के पार्क की कोई साफ, सफाई नहीं की जाती है, न ही खाली प्लाटो का कचरा उठाया जाता है जिससे चारो ओर गन्दगी का माहोल बना हुआ है। कालोनी में टीएंड सीपी प्रस्तावित एरिया से ज्यादा एरिया में प्लाट काटे गये है। ज्ञापन में कहा गया है सभी प्रार्थीगणो द्वारा उक्त कालोनाईजर से कहने के बाद भी उक्त सुविधाओ का लाभ प्राप्त नही हो रहा है जिससे यहां के रहवासी परेशान हो रहे हैं। वहीं कालौनी वासियों ने एसपी को भी एक ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया है कि ग्रीन वैली कालोनी में आये दिन चोरी हो रहीं हैं। प्रार्थीगणो द्वारा बार बार देहात थाना में चोरी की घटनाओं की सूचना देने के बाद भी चोरी की घटनाएँ रूकने का नाम नहीं ले रही है। उक्त चोरी की घटनाएँ होने के बाद भी देहात थाना द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, जबकि सीसीटीवी कैमरा में चोरो की फोटो, वीडियो मौजूद हैं।

### चौरसिया जन परिषद के अध्यक्ष नियुक्त



**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने जन परिषद के प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव की अनुशंसा पर पत्रकार ओमप्रकाश चौरसिया को गंजबासौदा चैप्टर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। संस्था के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव के अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक एवं गैर राजनीतिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षों से सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर केंद्रित ग्यारह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 275 से अधिक एवं विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवं सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं।

## रेल्वे ट्रैक के पास पानी में मिला अज्ञात शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को परसोरा रेलवे ट्रैक के पास सुबह के समय एक युवक का शव मिला। जब लोग अंडर बायपास से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर पानी में शव पर पड़ी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी और शहर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला। जांच करने पर उसके पास न तो आधार कार्ड और न ही कोई अन्य दस्तावेज मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया है। शव की उम्र लगभग 35 वर्ष है, मृतक ने गुलाबी कलर की हाफ टी-शर्ट एवं पीले-सफेद कलर का हाफ चड्डा पहना हुआ था। पुलिस जांच कर रही है कि युवक कहां का था, रेलवे ट्रैक के पास कैसे गिरा, उसकी मौत के कारणों की भी जांच की जा रही है। युवक की पहचान के लिए उसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए जा रहे हैं, ताकि कोई युवक की पहचान हो सके।

### विद्यालयों में अवकाश घोषित

**गंजबासौदा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में जारी अतिवृष्टि के कारण विद्यार्थियों को सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए बुधवार का अवकाश घोषित करने का आदेश जारी कर दिया है। जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं सीबीएसई में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थीयों के लिये दिनांक 30.07.2025 का अवकाश घोषित किया गया है। पूर्व में निर्धारित परीक्षाओं का समय यथावत समस सारणी अनुसार रहेगा।

आवश्यकता है
सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नर्सिंग स्टाफ एवं मार्केटिंग मैनेजर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति संपर्क करे
पता:- सिटी सेंटर कॉलोनी, पचमा बाईपास रोड गंज बासौदा
मोबाइल नंबर:- 9479915485,6261117207

### ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे एसडीएम ने बैरीकेटिंग रस्सी व बांस वल्ली की सहायता से रास्ता को कराया बंद

# 12 घंटों से लगातार बारिश को दौर जारी नदी तालाब उफान पर, प्रशासन अलर्ट

**नपा की अपील :** आपात की स्थिति में हेल्प लाईन नम्बर पर करें संपर्क, तत्काल मदद के लिए मौके पर पहुचेंगा बचाव दल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

वैसे तो विगत 10-12 दिनो से लगातार बारिश को दौर जारी है। लेकिन सोमवार रात्रि से प्रारंभ हुई बारिश के चलते मानव जीवन अस्त व्यस्त हो गया। ग्रामीण क्षेत्रो में जहा नदी नाले उफान पर देखे गए तो वही शहर क्षेत्र में हर गली मोहल्ले में सडको पर गुटने गुटने पानी भराने की स्थिति देखी गई। विगत दो तीन वर्षो के मुताबिक इस वर्ष अच्छी वर्षा होने से एक तरफ नागरिको के चेहरो पर खुशी देखी जा रही है तो वही दूसरी और गरीब बस्तियो में बारिश का पानी नागरिको के घरो में घुसने के कारण नागरिको को चिंता सता रही है। नगर की निचली बस्तियो में पानी भराने के कारण नागरिको को अपने घरो को खाली कर अन्य स्थानो पर जाना पड रहा है। मौसम विभाग की माने तो अगले 24 घण्टो तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट पर है। प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रो में नदी-तालाब आदि स्थानो पर रास्तो को बंद कर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जिससे की किसी प्रकार की कोई जनहानि न हो।

### ग्रामीण क्षेत्रो में पहुंचे एसडीएम हर्षल चौधरी



ग्रामीण क्षेत्रो में नदिया उफान पर होने से पुल-पुलिया पर अपनी जान हथेली पर रखकर पुलिया पार करते कई नागरिको की जानकारी जैसे ही एसडीएम हर्षल चौधरी को मिली तो उन्होने तत्काल ग्रामीण क्षेत्रो में मौके पर पहुचकर पुलियो के दोनो तरफ रास्ता बंद कराया। साथ ही ग्राम चौकीदार,सचिव व पटवारी को अलर्ट कर मौके पर तैनात किया। जिससे कि कोई भी ग्रामीण पुलिया पार न कर पाए। तो वही शहरी क्षेत्र में अधिक बारिश को देखते हुए नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू नगर में भ्रमण करते नजर आए। वही उन्होने आम नागरिको से चर्चा करते हुए बारिश के मौसम में जर्जर भवनो से दूर रहने और नदी नाले के समीप न जाने की बात कही।

### ग्रामीण क्षेत्रो में बैरीकेट्रिग और बल तैनात

विगत 12 घण्टो से लगातार हो रही बारिश के चलते स्थानीय प्रशासन द्वारा ग्राम मूडरा घाट पुलिया,ग्राम पिपलिया हाट में पुलिया,ग्राम छापू पुलिया,ग्राम गरेठा की पुलिया,ग्राम महुआखेडा पृथ्वीराज की पुलिया,ग्राम सुमेरपुर की पुलिया,ग्राम इकोदिया बनियाढाना की पुलिया,ग्राम पाटन से कमलिया की पुलिया,रफसोल गुलाबगज की पुलिया,भूखरी मुगलसराय मार्ग की पुलिया,ग्राम सुगनाखेडी की पुलिया,ग्राम भियाखेडी की पुलिया,ग्राम नरखेडा जागीर की पुलिया,ग्राम कजरी मडवासा की पुलिया,ग्राम विरछाखेडी की पुलिया,ग्राम कुलुआ महुआखेडा की पुलिया,ग्राम आमखेडा बाबुलखेडी की पुलिया,ग्राम घटवार की पुलिया,ग्राम चंदाधाना की पुलिया,ग्राम दीपनाखेडा की पुलिया,ग्राम विसैपुर की पुलिया,प्याराखेडी की पुलिया,ग्राम रिनिया की पुलिया,नाउखेडा मुगलसराय मार्ग की पुलिया आदि के रास्ते बंद कराए गए।

### नपा की आम नागरिकों से अपील

निरंतर जारी बारिश के दौर को देखते हुए नगर पालिका परिषद सिरोंज ने शहर वासियो से अपील करते हुए कहा कि बरसात से केथन डेम का जलस्तर बढ़ रहा है। छरछरा निकट भविष्य में चालू हो सकता है। छरछरा चालू होने से केथन नदी में पानी का वहाव वढ़ना तय है। केथन नदी के आस पास एवं निचली बस्तियों में निवास करने वाले एवं जिनके जर्जर भवन या जो जर्जर भवनों के आस पास निवास कर रहे हैं उन सभी नागरिकों से नगरपालिका परिषद सिरोंज अपील करती है कि वह समय रहते सुरक्षित स्थानों अथवा नगरपालिका परिषद सिरोंज द्वारा अस्थाई शिविरों जैसे राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय भोपाल रोड, चंद्रमोहन सभागार बामोरा रोड, नगरपालिका शादीहाल तलैया मोहल्ला, जैन धर्मशाला घेतल गली,अग्रवाल धर्मशाला सतखनी में आश्रय लेकर अपने जान माल को सुरक्षित करें तथा होने वाली असुविधा से बचें। आपात की स्थिति में नगरपालिका सिरोंज द्वारा जारी किये गए हेल्प लाईन नम्बर 07591-253379 एंव 7649854500 पर संपर्क स्थापित कर सकते है। जहां से तत्काल बचाव दल मदद के लिए तैयार रहेगा।



### बारिश में शहर की सड़कें हुई जलमग्न

सोमवार रात्रि प्रारंभ हुई बारिश में पूरे शहर में पानी-पानी हो गया। शहर के प्रमुख मार्गो पर एक-एक फीट तक पानी भर गया। नलिया ओवरफ्लो होने के कारण नगर के मुख्य बाजार की दुकानों में पानी घुस गया। वहीं पानी निकासी के अभाव में निचली बस्तियों में रहने वाले लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। ऐसी स्थिति में लोगों को घरों में घुसे पानी को निकलने के लिए अच्छी खासी मशक्कत भी करना पड़ी। वहीं सड़क पर भरे पानी में से चालकों को वाहन निकलना तक मुश्किल हो गया। पानी में वाहन बंद होने से चालकों को उतर कर धक्का लगा कर अपने वाहन तक निकलना पड़े। बारिश इतनी तेज थी कि एक घंटे में ही शहर की सड़कों पर तीन से चार फीट तक पानी जमा हो गया। निचली बस्तियों में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से घरों में पानी घुस गया। इस बारिश से तलैया मोहल्ला,अयोध्या बस्ती,कष्टम पथ, पचकुईया पर में रहने वाले लोगों को बारिश के कारण परेशान होना पड़ा।



### 10 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

## जामा मस्जिद कमेटी द्वारा वक्फ़ बोर्ड के अंतर्गत शिक्षा नीति पढो-पढ़ाओ योजना के आवेदन प्रारंभ



**सिरोंज।** मध्य प्रदेश राज्य वक्फ़ बोर्ड द्वारा शिक्षा नीति पड़ों,पढ़ाओ एवं राष्ट निर्माण मे भागीदारी बनो के सम्बन्ध मे पारित निर्णय 24 जून 2023 के परिपालन मे एवं वाकिफ की मंशा यानि दानकर्ता की इच्छा और शर्तों के अनुसार मुस्लिम गरीब छात्र एवं छात्राओं को मध्य प्रदेश वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉक्टर सनव्वर पटेल के आदेश से जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी सिरोंज द्वारा वर्ष 2024-2025 मे कक्षा 10 वी में 65 प्रतिशत एंव कक्षा 12 वी मे 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्राएं जो आगे की पढ़ाई जारी रखना चाहते है परंतु उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है ऐसे छात्र एवं छात्राओं को जामा मस्जिद कमेटी द्वारा छात्रवृत्ति दी जाना है। छात्रवृत्ति कक्षा 11वी, 12वीं एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं तथा नीट आदि की तैयारी करने वाले छात्र, छात्राओं को मदद के रूप मे मेरिट के आधार पर भौतिक सत्यापन के पश्चात उनकी इंस्टीट्यूट या संस्था को बैंकिंग के माध्यम से दी जाना है। जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने जानकारी देते हुए बताया कि जो छात्र-छात्राएं मध्य प्रदेश वक्फ़ बोर्ड द्वारा पड़ों -पढ़ाओ एवं राष्ट निर्माण मे भागीदारी बनो योजना का लाभ लेना चाहते है। वो छात्र 25 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक अपना आवेदन कार्यालय जामा मस्जिद मे जमा कर सकते है। छात्रवृत्ति के लिए छात्र,छात्राओं को कक्षा 10 मे 65 प्रतिशत से अधिक अंक वाले गरीब छात्र को दस हजार रुपए एंव कक्षा 12 में 70 प्रतिशत अंक लाने वाले गरीब विद्यार्थी को पंद्रह हजार रुपए एवं नीट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे होनहार गरीब छात्र,छात्राओं को 25 हजार इस योजना के तहत जामा मस्जिद कमेटी वक्फ़ बोर्ड के आदेश से पड़ों, पढ़ाओ योजना के अंतर्गत छात्र वृत्ति देंगी। जिससे मुस्लिम समाज में होनहार छात्र,छात्राएं अपनी पढ़ाई अच्छे से करके देश के राष्ट्र निर्माण मे भागीदारी बन सके।

## कलेक्टर ने भापेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भापेल का निरीक्षण किया। कलेक्टर के द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने भापेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं छात्र-छात्राओं से चर्चा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विकास शाहवाल साथ रहे। कलेक्टर संदीप जी आर ने भापेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर कक्षा 11वीं 12वीं की अंग्रेजी, विज्ञान एवं हिन्दी की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से उनके अध्ययन के संबंध में एवं कक्षा में पढाए जा रहे विषय के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चर्चा के दौरान बच्चों से पूंछा कि आंगे क्या बनोंगे जबाव आया डॉक्टर, इंजीनियर, आईपीएस, आईएएस कुछ बच्चों ने स्टॉटअप करने एवं स्पोर्ट में भी जाने की बात कही । उन्होंने बच्चों को स्कूली परीक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए परीक्षा का पाठ्यक्रम और पुराने वर्षों के प्रश्नपत्र महत्वपूर्ण होते हैं।

### स्नातक प्रोग्रामों में प्रवेश हेतु प्रथम ऑफलाइन काउंसिलिंग 30 से

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर में सत्र 2025-26 के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रथम ऑफलाईन काउंसिलिंग 30 जुलाई से 01 अगस्त तक विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न होगी। समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत समस्त छात्र काउंसिलिंग हेतु रिर्पोटिंग समय सुबह 10:00 बजे रहेगा। काउंसिलिंग हेतु कट-ऑफ, सीटों की जानकारी, काउंसिलिंग स्थल एवं अन्य प्रवेश जानकारी विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर अपलोड की गई है। उक्त काउंसिलिंग विश्वविद्यालय परिसर हिल्स कैम्पस स्थित कणाद भवन, भौतिकी, फार्मसी, कॉमर्स, लॉ, अंग्रेजी, संचार एवं पत्रकारिता विभाग (टीएलसी भवन) सहित संगीत विभाग में तथा वैली कैम्पस स्थित ललित कला एवं प्रदर्शन कारी कला विभाग, नेपाल पैलेस स्थित बिजनिस मैनेजमेंट विभाग एवं स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित होगी।

## पुल पार करते समय 24 वर्षीय गर्भवती महिला तेज बहाव में डूबी, तलाश जारी

### पति व ननद के साथ पूजा करने जाते समय हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी थाना अंतर्गत ग्राम झुनकू में मंगलवार सुबह रामघाट नदी पर बने पुल पार करते समय 24 वर्षीय गर्भवती महिला पानी के तेज बहाव में बह गई। घटना उस समय हुई जब महिला अपने पति एवं ननद के साथ बाइक पर सवार होकर मंदिर में पूजा करने जा रही थी। इसी दौरान पुल पार करते समय मोटर बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे सवार महिला उफनते नाले में जा गिरी। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी मौका स्थल पर पहुँचे, एसडीआरएफ टीम द्वारा महिला की तलाश की जा रही है।



जानकारी के अनुसार महिला का नाम वंदना पति दशरथ साहू है जो फोरलाईन सड़क पर स्थित कल्पधाम कालोनी में निवास करती थी। मंगलवार सुबह वह अपने पति दशरथ साहू एवं ननद सविता साहू 22 वर्ष के साथ मोटर बाइक पर सवार होकर रामघाट मंदिर में पूजा करने जा रही थी। उसी दौरान रामघाट नाले पर बने पुल को पार करते समय पुल पर पानी अधिक होने के चलते बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उस पर सवार वंदना साहू नाले में गिरकर बह गई। परिजनों एवं प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया परंतु वह सफल नही हो सके और महिला पानी में बहकर डूब गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम, तहसील दार, एसडीओपी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुँचकर घटना की जानकारी ली।

### स्वास्थ्य गतिविधियों में लापरवाही, सीएमएचओ टीकमगढ़ सहित 12 बीएमओ को दिए नोटिस

**सागर।** क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. नीना गिडियन ने टीकमगढ़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर रोशन सहित संभाग के 12 बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। यह नोटिस 23 जुलाई को कमिश्नर अनिल सुचारी की अध्यक्षता में की गई संभागीय समीक्षा में स्वास्थ्य गतिविधियों में संतोषजनक कार्य न मिलने, को लेकर किए गए हैं। संभाग की मातृ मृत्युदर और शिशु मृत्यु दर मप्र में सबसे ज्यादा है, इसे कम करने की चेतावनी भी दी है और कहा है कि इसमें कमी नहीं आई तो संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। डॉ. एसआर रोशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीकमगढ़, डॉ. अभिषेक सिंह सोलंकी, खंडचिकित्सा अधिकारी बल्देवगढ़ टीकमगढ़, डॉ. संजय अहिरवार, खंड चिकित्सा अधिकारी जतारा टीकमगढ़, डॉ. अजय गुप्ता, खंड चिकित्सा अधिकारी पलेरा टीकम गढ़, डॉ. सर्वेश लोधी, खंड चिकित्सा अधिकारी शाहनगर पन्ना, डॉ. आशीष तिवारी, खंड चिकित्सा अधिकारी अमानगंज पन्ना, डॉ. राकेश शुक्ला, खंड चिकित्सा अधिकारी बड़ामलहरा छतरपुर, डॉ. लखन सिंग, खंड चिकित्सा अधिकारी गौरीहार छतरपुर, डॉ. अशोक बरोनिया, खंड चिकित्सा अधिकारी तेंदूखेड़ा दमोह, डॉ. डीके राय, खंड चिकित्सा अधिकारी जबेरा दमोह, डॉ. सुनील जैन, खंड चिकित्सा अधिकारी शाहपुर सागर, डॉ. शशि कांत मनकेले, खंड चिकित्सा अधिकारी शाहगढ़ सागर व डॉ. व्रिकांत गुप्ता, खंड चिकित्सा अधिकारी मालथौन सागर शामिल हैं। एएनसी पंजीयन पिछले साल की तुलना में 3730 कम पाया गया, अर्ली रजिस्ट्रेशन पिछले साल 77 प्रतिशत की तुलना में कम होकर 70 हुआ, बर्थ वेटिंग रूम का क्रियान्वयन न पाया जाना, अप्रेल से जुलाई तक मात्र 8 मरीज ही भर्ती हुए मात्र 60 प्रतिशत मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिले में किसी भी विकासखंड में एनबीएसयू की स्थिति अच्छी नहीं पाई गई।




## चौरसिया समाज के चल समारोह का सेवादल परिवार ने किया स्वागत

**सागर।** नागपंचमी के पर्व को चौरसिया समाज द्वारा चौरसिया दिवस के रूप में मनाता है। मंगलवार को नागपंचमी के मौके पर चौरसिया समाज संगठन ने चल समारोह निकाला। चौरसिया समाज के चल समारोह का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। शहर के ह्रदय स्थल तीनबत्ती पर शहर कांग्रेस सेवादल परिवार की ओर से चौरसिया समाज के चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। जुलूस में शामिल सामाजिक जनों पर पुष्प वर्षा की गई। चल समारोह में सम्मिलित नाग भगवान की झांकी की शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे द्वारा पूजन अर्चना की गई। स्वागत कर्ताओं में सेवादल परिवार से लल्ला यादव, लकी पंडा, लखन पटेल, दीपक पटेल, नरेश पटेल, अमन नामदेव, आकाश, तरूण सैनी, पंकज सोनी आदि सम्मिलित हुये।

### खाद की कालाबाजारी और मूंग खरीदी में भ्रष्टाचार को लेकर प्रशासन को घेरा

## तहसील कार्यालय के गेट पर धरना देकर कांग्रेसियों ने की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

खाद की कालाबाजारी, और मूंग खरीदी में भृष्टाचार सहित विद्युत समस्याओं एवं फसल क्षति सर्वे सहित अन्य मांगों को लेकर बड़ी संख्या में किसानों के साथ तहसील कार्यालय पहुँचे कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री की अगुवाई में मुख्यद्वार पर धरना देकर नारेबाजी की। राज्यपाल ज्ञापन देने पहुँचे कांग्रेसी प्रशासनिक अधिकारियों के रैवये से आहत दिखे और जन समस्याओं एवं भृष्टाचार के मुद्दे पर शासन-प्रशासन का घेराव किया। लगभग 4 घंटे तक चले इसे प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में एकत्र कृषकों एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हाथ में तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। बाद में एसडीएम देवरी को राज्यपाल के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन सौपकर निराकरण की मांग की गई।

पूर्व मंत्री हर्ष यादव की अगुवाई में कांग्रेस ने आज किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय में जमकर प्रदर्शन किया। हाथ में तख्तिया लेकर सैकड़ों की संख्या में तहसील कार्यालय पहुँचे प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय के मुख्य द्वार एवं सीड़ियों पर बैठकर शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। खाद की कमी को लेकर मौजूदा सरकार



और प्रशासन को घेरते हुए कांग्रेस वक्ताओं ने सरकारी संरक्षण में खाद की कालाबाजारी एवं सरकारी मूंग खरीदी में भृष्टाचार के खुले आरोप लगाये। उन्होने खाद की मांग कर रहे किसानों के प्रति पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के कठोर रवैये पर भी ऐतराज जताया। क्षेत्र में व्याप्त प्रशासनिक जड़ता एवं अराजकता के लिए शासन-प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस वक्ताओं ने सत्तारूढ़ दल पर भृष्टाचार एवं कमीशनखोरी के गंभीर आरोप लगाये। बाद में अनुविभागीय अधिकारी मुन्नवर खान द्वारा प्रदर्शनकारियों को शांत कर राज्यपाल के नाम प्रेषित 10 सूत्रीय ज्ञापन लिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी एवं नकली खाद के विक्रय पर रोक लगाई जाये एवं देवरी क्षेत्र के सोयाबीन, धान, मक्का, उड़द फसलों के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध कराये एवं समितियों के माध्यम से भी वितरण सुनिश्चत करे। ज्ञापन में क्षेत्र में खराब विद्युत ट्रांसफार्मरों के सुधार, विद्युत लाईनों की मरम्मत एवं अघोषित विद्युत कटौती रोके जाने की मांग की कई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि विद्युत विभाग अधिकारियों द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुँचाये जाने के लिए स्मार्ट मीटर जबरन लगवाकर अबैद्य बसूली की जा रही है। उपभोक्ताओं की बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगवाये जा रहे है, उपभोक्ताओं ने मीटर के नाम पर पैसे लिये जा रहे है। ज्ञापन में अतिवृष्टि के कारण नष्ट हुई खरीफ फसलों के सर्वे कराकर उन्हे सरकारी सहायता एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग की कई। ज्ञापन में अतिवृष्टि के कारण मकान एवं कुंओं की क्षति एवं नहरे टूटने से प्रभावित कृषकों को मुआवजा दिये जाने की मांग की गई।

ज्ञापन में मांग की गई कि देवरी एवं केसली विकासखण्ड में बड़ी संख्या में जीर्ण शीर्ण हो चुके सरकारी शाला भवनों के कारण गंभीर दुर्घटना की आशंका है, जिनका तत्काल सर्वेक्षण कराया जाये एवं भवनों की मरम्मत एवं जर्जर भवनों को ध्वस्त कर नये भवनों का निर्माण कराया जाये। ज्ञापन में केसली विकासखंड के ग्राम सेमरा, झिरिया सेमरा, चक्क ब्लेकी, खैरी घाघरी एवं ईदलपुर ग्रामों के कृषको की लगभग 450 एकड़ भूमि का निजी कंपनी द्वारा क्रय अनुबंध करने के संबंधी दावे की जांच की मांग की गई।

## संविधान से समाधान का आयोजन किया




**सागर।** वी दा पीपल्स अभियान एवं अचल ज्योति कल्याण फाउंडेशन* के तत्वाधान में संविधान को स्वयं के जीवन में अंगीकृत करते हुए सभी लोगों तक पहुंचाने 27-28 जुलाई 2025 को 2 दिवसीय कार्यशाला संविधान से समाधान का आयोजन दीपक होटल सिविल लाइन जिला सागर में आयोजित किया। संविधान को लेकर समुदाय में आज भी बहुत सीमित जानकारी है। हमारा संविधान बहुत संघर्षों के बाद बना है और हमने इसे खुद को खुद के लिए अंगीकृत किया है। इसे समझ कर अपने जीवन में उतारने से ही संविधान देश में प्रभावी लागू होगा, यह बात वी द पीपल अभियान से नवेन्दु जी द्वारा बताई गई। संविधान की प्रस्तावना का संदर्भ प्रस्तुत करते हुए नवेन्दु ने कहा कि समानता स्वतंत्रता, बंधुत्व और संप्रभुता हमारी मानवीयता के नाते जन्म से जुड़ा हुआ है। छोटे बच्चे को भी बताने की जरूरत नहीं, वे अपने आप इन अधिकारों की मांग करते है। हमारे देश का संविधान भी इन्हीं मूल्यों को ध्यान में रखकर बनाया गया, उन्होंने संविधान की उद्देश्यिका को पड़ कर उसके एक एक शब्द पर आपस में चर्चा की जिससे सहभागियों की इस पर समझ बनी, सभी के द्वारा इस पर सतत चर्चा करने और इसको अमल में लेना तय किया गया। इस कार्यशाला में युवा वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता, मानवाधिकार कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, विशिष्ट रूप से खाद्य अधिकारी राकेश अहिरवाल, अजाक्स अध्यक्ष सतीश चौधरी, गजेन्द्र अहिरवार, चंद्रेश बाल्मीकि, हाफ़ज़ि हारून, तनवीर, हेमन्त आजाद, सिद्धार्थ बौद्ध, स्नेहा, आशीष, रचना, मुस्कान, जयंती, सीलिमा बौद्ध आदि रहे। कार्यक्रम के समापन पर सामाजिक कार्यकर्ता माया अहिरवार द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

website : general.kbtgroup.in
E-Pravesh Code-P619
KBT Kusha Bhau Thakre COLLEGE
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
BA (Com+Plain) | B.Com (Com+Plain) | B.Sc (Com+Plain) | B.Lib (1 Years) | PGDCA (1 Years) | MSW (2 Years) | PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years) | B.ED. (2 Years)
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481, 796042, 9893708149

# दो दिन की अनवरत बारिश से पानी-पानी हुआ 'जिला'



## बाढ़ के पानी में दो युवक सहित नाबालिग बहे, एनडीआरएफ टीम ने दो युवकों को बचाया, नाबालिग लापता

- लगातार बारिश से बढ़ा जल स्तर, बिजली कटौती से लोग हो रहे परेशान
- बेतवा रीछन,कौड़ी नदी उफनी, रायसेन शहर में निचले इलाकों में जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मंगलवार की शाम भारी बारिश के दौरान रायसेन बायपास श्रीकृष्ण गौशाला के पास पुलिस में बाढ़ का पानी आ जाने से नरापुरा निवासी दो युवक और एक नाबालिक गुजर रहे है, तभी पानी के तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारी एसडीएम मुकेश सिंह, एसडीओपी प्रतिभा शुक्ला, टीआई नरेंद्र गोयल मौके पर पहुंचे। एनडीआरएफ और गोताखोरों की टीम से रेस्क्यू कराया, जिसमें दो बहते हुए युवकों को बचा लिया गया है, लेकिन नाबालिग अभी लापता है। सावन की पहली तेज बारिश ने रायसेन सहित ग्रामीण अंचल में राहत और परेशानी दोनों लेकर आई है। जहां खेतों में हरियाली लौट आई है और किसानों के चेहरे खिल उठे हैं, वहीं सरकारी दफ्तरों और शहरी इलाकों में जलभराव से आम जनजीवन प्रभावित हो गया है।

### बाढ़ के पानी से घिरे धान रोपने गए मजदूर, सांचेत में दो लोगों का किया रेस्क्यू

लगातार बारिश ने मंगलवार को भारी आफत और परेशानी लेकर आई। हरसिद्धि माता की परवरिया के नजदीक खेतों बाहर से आए धान की रोपाई करने मजदूरों का परिवार बाढ़ के पानी से घिर गया। परवरिया में बहने वाली डाबर नदी जो बाढ़ से चौतरफ़ा फैली हुई है। सूचना मिलते ही वहां एसडीएम मुकेश सिंह, एसडीओपी प्रतिभा शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। बाढ़ के पानी से घिरे धान वाले मजदूरों को बाहर निकलवाया और उन्हें चिड़िया टोल वन परिसर में ठहराया गया है। जहां जिला प्रशासन द्वारा उनके रहने बिस्तर और खाने-पीने भोजन के इंतजाम किए गए हैं। इसी तरह रायसेन के वार्ड नंबर 15, 17, 13, 14 में निचले क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति बन गई। यहां रायसेन तहसीलदार भरत मांडले और नपा सीएमओ सुरेखा जाटव मौके पर पहुंचे। जल भराव को जेसीबी से ठीक करवाया। नाले और नालियों के रास्ते में फंसे कचरे को बाहर निकलवाया, तब कहीं जाकर स्थिति सामान्य हुई।

## लगातार हो रही बारिश से बढ़ा बारना डेम का जलस्तर, खोले गए गेट

**बाड़ी**। पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश से बारना बांध का जलस्तर बढ़ने के कारण मंगलवार सुबह 11 बजे डेम के 6 गेट 1.5 मीटर खोले गए, जिसमें 23 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। सुबह बारना डेम का जलस्तर 347.13 मीटर था डेम में पानी आने की रफ्तार 40 हजार क्यूसेक मीटर थी। बारिश पिछले 24 घंटों से तेज रफ्तार से एक जैसी हो रही है।

एसडीओ चेतन नरगिस ने बताया कि बारिश के हिसाब से पानी बढ़ने के कारण 8 गेट 3 मीटर खोले गए, जिसमें 60 हजार क्यूसेक मीटर पानी छोड़ा जा रहा है। इधर तेज वर्षा होने के कारण नगर के कई वार्ड में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई घरों में पानी भर गया है जिसके चलते रहवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



## बेगमगंज में 30 साल का रिकॉर्ड टूटा, नगर में रेस्क्यू की तैयारी

- पिछले 24 घंटे से अनवरत बारिश से क्षेत्र हुआ जलमग्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही तेज बारिश के चलते पिछला 30 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। नगर की निचली बस्तियों में पानी भरने से प्रशासन ने रेस्क्यू किया प्रबंध कर लिया है। इसके लिए दशहरा मैदान स्थित सामुदायिक भवन एवं आईटीआई भवन को बाढ़ प्रभावित लोगों को आसरा देने तैयार किया है।

नगरीय क्षेत्र से पलकमति नाला एवं चकला नाला में पानी बढ़ने से बेगमगंज का भोपाल से सड़क संपर्क कुछ घंटों के लिए टूट गया था, जो बाद में खुल गया। नाले पर पानी बढ़ने से दशहरे मैदान के पीछे तथा रामनगर में कई घरों में 3 से 4 फीट तक पानी भर गया, जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

जानकारों एवं बुजुर्गों ने बताया कि पिछले 30 साल पहले इसी तरह की वर्षा हुई थी, लेकिन इस वर्ष तो उससे भी ज्यादा वर्षा होने से चारों तरफ के मार्ग फिर से बंद हो जाने के कारण बेगमगंज का संपर्क सागर, भोपाल, विदिशा एवं सुल्तानगंज से पूरी तरह टूट गया है। नदी नाले उफान पर है रपटों-पुलों पर पानी होने से आवागमन पूरी तरह सुबह से ही बंद है प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी यो द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

वहीं बीना नदी का जलस्तर बढ़ने से बेगमगंज - हैदरगढ़ - ग्यारसपुर एवं विदिशा मार्ग बंद हो गया है।

### मंदिर के पुजारी बाढ़ में फंसे, दो युवकों ने रेस्क्यू कर बचाया

**बेगमगंज**। पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही तेज बारिश के चलते पिछले 30 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। नगर की निचली बस्तियों में पानी भरने से प्रशासन ने रेस्क्यू का प्रबंध कर लिया है। वहीं नगर के वार्ड क्र. 1 मुकरबा मोहल्ले स्थित गोकुलदास की तली श्रीहनुमान मंदिर के 70 वर्षीय पुजारी बाबू लाल पंडा जी सुबह पूजा करने के लिए मंदिर जा रहे थे, तब बीना नदी का पानी बढ़ रहा था और चारों तरफ फैल चुका था। मोहल्लेवासियों ने उन्हें वहां जाने से रोका था लेकिन वह नहीं रुके ओर जिद करके चले गए ओर करीब दो घंटे तक वहीं मंदिर में रुके रहे। चारों तरफ पानी बढ़ने से पुजारी जी मंदिर में फंस गए और पानी ज्यादा बढ़ने पर मंदिर के शिखर पर पहुंच गए।

खबर लगते ही मौके पर तहसीलदार प्रमोद उइके एवं थानाप्रभारी राजीव उइके , सब-इंस्पेक्टर संदीप पवार , राजस्व निरीक्षक मनीष चौरसिया , पटवारीद्वय मनोज आठ्या व मनोज कात्यायन एवं स्थानीय साहसी युवक दो सगे भाई अर्जुन कुशवाहा , जशवंत कुशवाहा के साथ मंदिर तक पहुंच गए ओर टीम के साथ पुजारी जी को बचाने में जुटे हुए हैं।

4 घण्टे की मशक्कत के बाद पुजारी जी को बचाने में जुटी टीम उन तक पहुंच गई ओर दोनों सगे भाइयों अर्जुन कुशवाहा एवं जसवंत कुशवाहा ने उन्हें बचाकर अपने साथ एक ट्रक के टुयूब पर बैठा लिया लेकिन पानी के तेज बहाव के चलते बचाव दल मय टुयुब के थोड़ा आगे तक बहता हुए निकल गए था। फिर जैसे - तेसें दोनों भाई उन्हें बाहर निकालने में सफल हो गए जिन्हें सिविल अस्पताल ले लाया गया है।

उल्लेखनीय है कि 14 वर्ष पहले भी इसी श्रीहनुमान मंदिर में पुजारी बाबूलाल पंडा जी बाढ़ में फंस गए थे, तब एनडीआरएफ की टीम एवं गोताखारों द्वारा बमुश्किल बचाया था।

## 36 घंटों से लगातार बारिश, नदी-नालों में बाढ़ की स्थिति

**खास बातें**

- नर्मदा, बारना, घोघरा नदियों में निरंतर बढ़ रहा जल स्तर
- नदियों में बाढ़ की स्थिति, नगर के निचले हिस्सों में भरा पानी
- नपं. प्रशासन हुआ सक्रिय, प्रभावित परिवारों को सुरक्षित शिफ्ट किया
- बरेली पिपरिया मार्ग, उदयपुरा गाडरवारा मार्ग के पुलों पर आया पानी, यातायात बंद



**बरेली**। नगर एवं संपूर्ण क्षेत्र में पिछली दो दिनों से बिना रूके निरंतर जोरदार बारिश हो रही है। लगातार बारिश अब परेशानियों का कारण बन रही है। सोमवार एवं मंगलवार को तेज हवाओं के साथ हुई तूफानी बारिश से क्षेत्र और नगर में पानी ही पानी नजर अइाने लगा है। बारना बांध के आठ गेट खोले जाने और स्थानीय क्षेत्र में जमकर बारिश से बारना, घोघरा, तेदौनी नदियों में बाढ़ की स्थिति बन गई है।

घोघरा नदी अपने तट बंधों को छोड़ कर नगर के निचले हिस्सों में जल भराव की परेशानियों भरी स्थिति बना दी। जैसे ही नगर के नदी रोड़, होली चौक, हरिजन मोहल्ला में जल भराव की खबर लगी नपं. और स्थानीय प्रशासन सक्रिय हुआ। प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है।

जब भी स्थानीय स्तर पर जोरदार बारिश होती है। बारना बांध के गेट खोले जाने और नर्मदा मैया का जल स्तर बढ़ा होता है। नगर के निचले हिस्सों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। घोघरा नदी का पानी चैनपुर रोड, नदी रोड, मुक्तिधाम कुशवाहा मोहल्ला, नरसिंह टेकरी, बाराही माता मंदिर के आसपास होली चौक, हरिजन मोहल्ला के मकानों में भरना शुरू हो गया है। दो दिनों से हो रही जोरदार बारिश के कारण नगर की सडक़ो, दालमिल मोहल्ला, पशु चिकित्सालय, चैनपुर रोड, शक्तिनगर, बस स्टेण्ड के आसपास पावर हाउस, कसाई मोहल्ला, फ्री नगर बिदुआ कालोनी के निचले हिस्सों में जल भराव की परेशानियों वाली स्थिति बन रही है।

## मूसलाधार बारिश से जन-जीवन अस्त -व्यस्त, एक दर्जन गांवों से टूटा संपर्क



**दीवानगंज**। क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलधार बारिश के कारण सभी नदी-नाले उफान पर हैं। घोड़ापछाड़ नदी सहित सभी गांवों के पुल और रपटे जलमग्न हो गए हैं। घोड़ा पछाड़ नदी 7 फीट पुल के ऊपर से जा रही। जिससे सत्ती, बांसिया, पिपरई, मुनारा, हिनोतिया, भंवरखेड़ी, महुआखेड़ा, केमखेड़ी, मुड़ियाखेड़ा, भरतीपुर सहित एक दर्जन से ज्यादा गांवों का संपर्क मुख्य नगर कि सड़क से टूट गया है। जिससे कि लोगों को जरूरत का सामान नहीं मिल पा रहा है।

अगर ऐसे में इन गांव में कोई भी व्यक्ति बीमार हो जाए या डिलीवरी की समस्या उत्पन्न हो जाए तो उसको अस्पताल तक नहीं पहुंचा जा सकता है। लगातार हो रही बारिश से प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। कलेक्टर ने सुबह निजी व सरकारी स्कूलों की में मंगलवार की बच्चों की छुट्टी घोषित कर दी थी। जिससे बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे।

पुलिस प्रशासन और तहसील प्रशासन ने रवि अहिरवार, प्रेम नारायण जाटव ,मनोज मालवीय, केसर सिंह अहिरवार, प्रदीप मेहरा यदि चौकीदारों की ड्यूटी नदी ,नालों पर लगा रखी है। ताकि गांव में कोई व्यक्ति नाला या नदी पार न कर सके।



## बारिश से तालाब में तब्दील हुई सांची

**सांची**। नगर में भारी बारिश के चलते चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। बस स्टैंड से अस्पताल रोड, डॉ हेडगेवार कॉलोनी में दो-दो फीट पानी भर गया है। इस बार नगर परिषद द्वारा गलियों में और नालियों में सफाई नहीं कराई गई, जिससे पानी को निकलने में समस्या आ रही है। पीछे बस्ती के घरों में पानी भर गया है। लोग गृहस्थी का समान बचाते हुए घूम रहे हैं। वहीं आधा अधूरा नाला निर्माण होने से कीचड़ का अंबार लगा हुआ है। ओपन नाला होने के कारण लोगों को नाला पार करने में भारी समस्याओं सामना करना पड़ रहा है।

## 347 विद्यार्थियों का हुआ नैत्र परीक्षण, दी सलाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले हाई सेकेंडरी स्कूल में वेल स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत वेलस्पन फाउंडेशन एवं निवसीड संस्था द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सेन्टर फॉर साइट आई केयर हास्पिटल की टीम द्वारा स्कूल के 347 बच्चों और स्कूल के स्टाफ ने नेत्र परीक्षण कराया। जिन बच्चों की आंखों में परेशानी पाई गई है उनके लिए चश्मे के नम्बर व उचित सलाह दी गई।

कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य सहित स्टाफ के सभी शिक्षक एवं निवसीड संस्था से श्रीकांत भार्गव, ओमप्रकाश रायकवार, ब्रिजेश चिड़ार सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का हुआ निराकरण

**रायसेन**। मंगलवार को शहर के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया तथा डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा द्वारा नागरिकों की समस्याओं तथा शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

**सालाना होने वाले आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने की शिरकत**

## नागपंचमी पर सीहोरा धाम में लगी नागों की अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के गैरतगंज तहसील के सिद्ध क्षेत्र श्री रामरसिया धाम सीहोरा खुर्द में मंगलवार को नागपंचमी पर नागों की अदालत का आयोजन किया है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सेदारी की।मंगलवार को भारी बारिश के कारण इस साल यह धार्मिक आयोजन शेषनाग के दरबार में ना होकर बालाजी धाम मंदिर सीहोरा के सामने धर्मशाला में रखा गया।

आयोजन के दौरान सर्पदंश से पीड़ति रहे लोगों के शरीर में नागों की आत्मा ने प्रवेश कर काटने का कारण बताया। यह लोग इस वर्ष में जरा सी गलती की वजह से नागों से सताने के बाद सीहोरा दरबार में पहुंचे थे। इस तरह के आयोजन को देखने के लिए दूर दराज के लोग से उपस्थित हुए। तहसील मुख्यालय गैरतगंज से लगभग 13 किमी दूर सिलवानी रोड स्थित ग्राम सीहोरा खुर्द श्री हनुमान बालाजी जी एवं श्री शिवजी के सिद्ध स्थान के लिए ख्यातिलब्ध है। सीहोरा गांव नागपंचमी के मौके पर नागों की अदालत लगती है।



मान्यता है कि सालभर में सर्पदंश से पीड़ित लोग सीहोरा पहुंचकर वहां के पंडा अजब सिंह गुर्जर से गांसी बंधवाते हैं, जिससे उन्हे लाभ प्राप्त होता है तथा पीड़ति स्वस्थ हो जाते हैं। बाद में उन्हें नागपंचमी पर पुनः सीहोरा पहुंचना होता है। नागपंचमी के अवसर पर मंगलवार को हुए इस आयोजन में जिले सहित अन्य स्थानों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। मौके पर मौजूद सर्पदंश से पीड़ित रहे व्यक्ति एवं उनके परिजन रामसखी गुर्जर सीतापुर, बिहारी लाल सिंघाड़, नीता बाई सिलवानी, राजाराम विश्वकर्मा, कन्हैयालाल, ने दावा किया कि वे नाग के सताए हुए व्यक्तियों को सीहोरा दरबार में लाए थे। यहां से गांसी बंधवाने के बाद आराम मिल गया था।

### अनोखा है यह आयोजन

इस आयोजन को आस्था कहें या अंधविश्वास परन्तु लोग बड़ी संख्या में इस स्थान से जुड़े हुए हैं। आधुनिक युग में जहां अंधविश्वासों को तो लोग विश्वास करने में संकोच भी करते हैं। आज के युग में विज्ञान ने काफी तरक्की की है।

### नागों ने बताई काटने की वजह

धर्मशाला में आयोजित नागों की अदालत में जरा सी गलती की वजह से इंसानों को नाग नागिन ने डस लिया था। उन्होंने उनकी गलतियों को सभी के सामने बताया और क्षमा मांगने को कहा। पीड़ितों ने माफी भी मांगी।